सप्तदश बिहार विधान सभा

चतुर्थ सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 सोमवार, दिनांक-29 नवम्बर, 2021 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.20 बजे पूर्वा० तक

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगान से प्रारम्भ हुई ।

[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :-

यथा संलग्न ।

[2] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के चतुर्थ सत्र के लिए निर्म्नांकित 5 (पाँच) सभा सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया है :-

(i) श्री प्रेम कुमार
(ii) श्री नरेन्द्र नारायण यादव
(iii) श्री अवध बिहारी चौधरी
(iv) श्रीमती ज्योति देवी
(v) श्री मो० आफाक आलम

[3] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के चतुर्थ सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया गया :-

(i) अध्यक्ष, बिहार विधान सभा	-	सभापति
(ii) श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री	-	सदस्य
(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री	-	सदस्य
(iv) श्रीमती रेणु देवी, उप मुख्यमंत्री	-	सदस्य
(v) श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग	-	सदस्य
(vi) श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा विभाग	-	सदस्य
(vii) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल	-	सदस्य
(viii) श्री अजीत शर्मा, स०वि०स०	-	सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री महबूब आलम, स०वि०स०

(ii) श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०

(iii) श्री अनिल कुमार, स०वि०स०

(iv) श्री राम रतन सिंह, स०वि०स०

(v) श्रीमती स्वर्णा सिंह, स०वि०स०

(vi) श्री अजय कुमार, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[4] औपचारिक कार्य :-

माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा बिहार विधान सभा के समक्ष महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2021 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

[5] अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमोदित निम्न 08 (आठ) विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा गया :-

क्रमांक	विधेयकों का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2021	06.08.2021
(ii)	बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2021	06.08.2021
(iii)	बिहार माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2021	06.08.2021
(iv)	बिहार पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2021	06.08.2021
(v)	आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021	06.08.2021
(vi)	बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक, 2021	06.08.2021
(vii)	बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय विधेयक, 2021	06.08.2021
(viii)	बिहार खेल विश्वविद्यालय विधेयक, 2021	06.08.2021

[6] वित्तीय कार्य :-

माननीय उप मुख्यमंत्री सह मंत्री, वित्त विभाग, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन सभा मेज पर किया गया ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी द्वारा आसन से अनुरोध किया गया कि उनके द्वारा नियम-43 के तहत सदन में विशेष चर्चा के लिए एक विषय लिखित रूप में दिया गया है जिसे स्वीकार किया जाए ।

[7] कार्यमंत्रणा समिति की बैठक :-

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज दिनांक-29.11.2021 को 03.30 बजे अप० में उनके कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी जिसमें समिति के सभी माननीय सदस्यों को सम्मिलित होने का अनुरोध किया गया ।

[8] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई :-

(i) स्व० मुसाफिर पासवान, वर्तमान स०वि०स०
(ii) स्व० सदानन्द सिंह, पूर्व अध्यक्ष, बिहार विधान सभा एवं पूर्व स०वि०स०
(iii) स्व० मिथलेश कुमार सिंह, पूर्व स०वि०स०
(iv) स्व० जनार्दन शर्मा, पूर्व स०वि०स०
(v) स्व० बलराम सिंह यादव, पूर्व स०वि०प०
(vi) स्व० डा० खालिद रशीद सबा, पूर्व स०वि०प०
(vii) स्व० हिन्द केशरी यादव, पूर्व स०वि०स०
(viii) स्व० गौरी शंकर नागदंश, पूर्व स०वि०स०
(ix) स्व० रामजी प्रसाद शर्मा, पूर्व स०वि०प०

तदोपरांत सभी माननीय सदस्यों द्वारा एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संवेदना शोक संतप्त परिवार के पास भेज दिये जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 30 नवम्बर, 2021 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-29.11.2021

शैलेन्द्र सिंह
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।